अष्ट दिवसीय विधान 24 से शुरू

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। आदिनाथ मंदिर में आदिनाथ पंचायत के संयोजकत्व में दिगंबर जैन महिला महासमिति द्वारा 24 फरवरी से तीन मार्च तक अष्ट दिवसीय महामंडल विधान आयोजित होगा।

जेएलएन अस्पताल में लीवर ट्यूमर का दूरबीन से सफल ऑपरेशन

- जेएलएन अस्पताल के सर्जरी विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. शिवकुमार बुनकर सहित टीम ने किया ऑपरेशन

अजमेर, (कासं)। संभाग के सबसे जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय (जेएलएन अस्पताल) ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की है। अस्पताल के सर्जरी विभाग की टीम ने 43 वर्षीय महिला मरीज राधा देवी (परिवर्तित नाम) के लीवर में पाए गए बड़े ट्यूमर का दूरबीन (लेप्रोस्कोपिक) तकनीक से सफल ऑपरेशन कर नई मिसाल कायम की है।

यह अस्पताल में पहली बार हुआ है जब लीवर रिसेक्शन जैसी जटिल सर्जरी को लैप्रोस्कोपिक विधि से सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। मरीज पिछले दो से तीन महीनों से लगातार पेट दर्द और पेट में गांठ जैसी समस्या से परेशान थी। परिजनों के अनुसार उन्होंने विभिन्न अस्पतालों में परामर्श लिया, लेकिन स्थिति में कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। दर्द बढ़ने और पेट में सूजन महसूस होने के बाद मरीज ने जेएलएन अस्पताल के सर्जरी विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. शिवकुमार बुनकर से संपर्क किया। डॉ. बुनकर द्वारा कराए गए सीटी स्कैन में पता चला कि मरीज के लीवर में लगभग 10 10 8 सेंटीमीटर आकार की बड़ी गांठ मौजूद है, जो लीवर के महत्वपूर्ण हिस्से को प्रभावित कर रही थी। चिकित्सकों के अनुसार इतनी बड़ी गांठ भविष्य में जानलेवा साबित हो सकती थी, क्योंकि लीवर शरीर का अत्यंत महत्वपूर्ण अंग है और इसमें होने वाली जटिलताएं गंभीर परिणाम दे सकती हैं। मरीज की बिगड़ती स्थिति को देखते हुए तुरंत ऑपरेशन का निर्णय लिया गया।

डॉ. शिवकुमार बुनकर ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. श्याम भूतड़ा के मार्गदर्शन में पूरी टीम के साथ विस्तृत योजना तैयार की। लीवर रिसेक्शन को चिकित्सा जगत में अत्यंत जटिल सर्जरी माना जाता है, क्योंकि इसमें अत्यधिक रक्तस्राव का खतरा रहता है और तकनीकी चुनौतियां भी अधिक होती हैं। सर्जरी टीम ने अत्याधुनिक दूरबीन (लेप्रोस्कोपिक) तकनीक का उपयोग करते हुए करीब तीन घंटे में ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा किया। ऑपरेशन के दौरान ट्यूमर के साथ लीवर का प्रभावित हिस्सा सुरक्षित रूप से निकाला गया तथा रक्तस्राव को नियंत्रित रखते हुए जटिल प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक अंजाम दिया गया और साथ ही पित्त की थैली (गॉलब्लैडर) का भी सफल ऑपरेशन किया गया। लेप्रोस्कोपिक तकनीक के कारण मरीज को बड़े चीरे से बचाया गया, जिससे दर्द कम होता है, संक्रमण का खतरा घटता है और रिकवरी अपेक्षाकृत जल्दी होती है। जवाहर लाल नेहरू अस्पताल के मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ अनिल सामरिया ने बताया कि विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रकार की जटिल लीवर सर्जरी सामान्यतः बड़े शहरों या मेट्रो सिटी के उच्च स्तरीय अस्पतालों में ही की जाती है।

अजमेर में डीआईजी श्वेता धनखड़ का वार्षिक निरीक्षण

- रेलवे स्टेशन सहित विभिन्न शाखाओं का लिया जायजा

अजमेर,(कासं)। जीआरपी विभाग की डीआईजी श्वेता धनखड़ एक दिवसीय दौरे पर वार्षिक निरीक्षण के तहत अजमेर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने जीआरपी पुलिस लाइन, एसपी कार्यालय, सीओ कार्यालय, अजमेर रेलवे स्टेशन और गोपनीय शाखा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

दौरे के दौरान डीआईजी श्वेता धनखड़ ने सबसे पहले जीआरपी पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बैरक, मैस, शस्त्रागार, साफ-सफाई व्यवस्था तथा पुलिसकर्मियों के रहने और कार्य करने की सुविधाओं को देखा। उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए और पुलिसकर्मियों के कल्याण से जुड़े पहलुओं पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके बाद उन्होंने जीआरपी पुलिस अधीक्षक कार्यालय और सीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न अभिलेखों, लंबित प्रकरणों और रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी रिकॉर्ड व्यवस्थित रखें और लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के क्रम में डीआईजी अजमेर रेलवे स्टेशन भी पहुंचीं, जहां उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता और यात्रियों की सुरक्षा से जुड़े इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जाए तथा यात्रियों को सुरक्षित और भरोसेमंद माहौल उपलब्ध कराया जाए।

'श्रेयस' विषय के साथ एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ

अजमेर, (कासं)। महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ श्रेयस सामुदायिक प्रगति एवं सशक्त राष्ट्र का आधार युवा विषय के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार अग्रवाल थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत करते हुए एन एस एस संयोजिका प्रो मोनिका भटनागर ने बताया कि 'श्रेयस' श्रेष्ठ मार्ग का प्रतीक है, जो व्यक्ति को आत्मिक उन्नति, सेवा और समाजहित की दिशा में अग्रसर करता है। एनएसएस का मूल मंत्र इसी भावना को साकार करता है और युवाओं को निस्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है।

अस्थाई सफाई कर्मचारियों की हड़ताल, वेतन नहीं मिलने से बढ़ा आक्रोश

अजमेर,(कासं)। नगर निगम में कार्यरत अस्थाई सफाई कर्मचारियों को लंबे समय से वेतन नहीं मिलने के कारण उनमें भारी रोष व्याप्त है। अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। मंगलवार को हड़ताल का दूसरा दिन रहा, जहां सभी अस्थाई सफाई कर्मचारी नगर निगम के पुराने भवन में एकत्रित हुए और नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

'खून-पसीने की कमाई के लिए भी करना पड़ता है संघर्ष': हड़ताली कर्मचारियों ने अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि उन्हें अपने खून-पसीने की कमाई के लिए बार-बार हड़ताल का सहारा लेना पड़ रहा है। कर्मचारियों का कहना है कि वे लगातार शहर को स्वच्छ रखने के लिए मेहनत करते हैं, लेकिन इसके बावजूद समय पर वेतन नहीं दिया जाता। उन्होंने कहा कि इस स्थिति से न केवल कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि इसका असर शहर की सफाई व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। हड़ताल के कारण शहर में कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था प्रभावित होने लगी है।

पहले भी मिला था आश्वासन, फिर भी नहीं मिला वेतन: कर्मचारियों ने बताया कि इससे पहले भी वे अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर उतरे थे। उस समय ठेकेदार द्वारा उन्हें लिखित में आश्वासन दिया गया था कि जल्द ही उनका बकाया वेतन जारी कर दिया जाएगा।

संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ ने जिला स्तरीय प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

अजमेर, (निसं)। देश की 16वीं डिजिटल जनगणना-2027 के तहत आयोजित जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ ने सिविल लाइंस स्थित डिज़ाइन स्कूल महाविद्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स एवं प्रशिक्षणार्थियों से संवाद कर तैयारियों की समीक्षा की और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।संभागीय आयुक्त ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान आमजन को किसी प्रकार के दस्तावेज दिखाने की आवश्यकता नहीं होगी। नागरिकों से केवल 33 निर्धारित बिंदुओं पर मौखिक जानकारी ली जाएगी। उन्होंने कहा कि जनगणना को लेकर किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए और यह संदेश आमजन तक स्पष्ट रूप से पहुंचाया जाए।

मकान से मोबाइल तक पूछे जाएंगे सवाल: प्रशिक्षण में बताया गया कि प्रथम चरण (मकान सूचीकरण) में 33 बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जाएगी। इसमें मकान संख्या, भवन की स्थिति, पेयजल की उपलब्धता, शौचालय, रसोई में ईंधन (एलपीजी/पीएनजी), शयनकक्ष, तथा घर में उपलब्ध डिजिटल संसाधन जैसे लैपटॉप, मोबाइल और इंटरनेट आदि शामिल होंगे। इन आंकड़ों के आधार पर भविष्य की आवास एवं पेयजल जैसी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

व्यस्तता के बीच बेहतर कार्य की सराहना: संभागीय आयुक्त ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति के निकट अन्य विभागीय कार्यों की व्यस्तता के बावजूद जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में योगदान देने वाले अधिकारियों और कार्मिकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्मिक डेटा की शुद्धता की सबसे बड़ी गारंटी है। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक (आर्थिक एवं सांख्यिकी) फूल सिंह ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य पारदर्शी, त्रुटिरहित एवं समयबद्ध तरीके से किया जाएगा। प्रशिक्षण का संचालन सहायक निदेशक अमृतलाल खटीक द्वारा किया गया।

अपनी बैंकिंग सुरक्षित रखिए
हमारे कस्टमर केयर नंबर
1800 1080
पर संपर्क करें
अपडेटेड फोन नंबर्स के लिए हमेशा हमारी वेबसाइट देखें
www.icici.bank.in
ICICI Bank

सीएम शर्मा ने किया गायत्री पुरश्चरण महायज्ञ पोस्टर का विमोचन

- मुख्यमंत्री ने पोस्टर विमोचन के दौरान कहा की राजस्थानवासियों का अहो-भाग्य जो यह आयोजन हो रहा है

पुष्कर, (निसं) । कलियुग में धरा-धाम पर पहली बार हो रहा एक ऐसा महायज्ञ जिसमें शत (100) गायत्री पुरश्चरण यानि 2000 संध्या वंदनकर्ता तपस्वी विप्रों द्वारा 27 करोड़ गायत्री मंत्र जाप जिनमें लगभग 3 करोड़ मंत्रों की आहुति से 200 कुंडीय महायज्ञ होगा। यह दिव्य अनुष्ठान यज्ञशिरोमणि परम पूज्य संत स्वामी प्रखर महाराज के सान्निध्य में ब्रह्मतीर्थ पुष्कर में 8 मार्च से 19 अप्रैल 2026 को हो रहा है। आज राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी से आयोजन समिति सदस्यों ने भेंट कर उन्हें इस संदर्भ में संपूर्ण जानकारी दी, पोस्टर भेंट किया, आमंत्रण पत्र सौंपा और सर्व प्रकारेण सहयोग का आग्रह किया। अहो-भाग्य की यह देव दुर्लभ अनुष्ठान राजस्थान की पावन धरा पर हो रहा है। मुख्यमंत्री से मिले प्रतिनिधिमंडल में सर्वश्री परमेश्वर शर्मा, पवन पारीक, मुकेश काका, प्यारेलाल शर्मा, महेन्द्र शर्मा एवं रमेश शर्मा मावावाले शामिल थे।

श्रीनगर में फूड लाइसेंस शिविर आयोजित

अजमेर,(कासं)। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण, राजस्थान जयपुर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर के निर्देशानुसार फूड सेफ्टी के अंतर्गत विभिन्न नवाचारों की श्रृंखला में श्रीनगर स्थित आदर्श नवयुवक मंडल बस स्टैंड पर फूड लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। अभिहित अधिकारी एवं सीएमएचओ अजमेर डॉ. ज्योत्सना रंगा ने बताया कि शिविर में कुल 49 लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश को मौके पर ही ऑनलाइन अपलोड कर जारी कर दिया गया। विक्रेताओं को व्यंजनों में मोटे अनाज के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही स्वच्छता, परिसर की साफ-सफाई, डस्टबिन के उपयोग तथा लाइसेंस की प्रति काउंटर पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। नियमानुसार प्रत्येक खाद्य कारोबारकर्ता के लिए खाद्य पदार्थों के विक्रय, निर्माण, भंडारण एवं परिवहन हेतु फूड लाइसेंस या रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। नियमों का पालन नहीं करने पर जुर्माना एवं दंड का प्रावधान है। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी, अजय मोयल एवं आनंद कुमार उपस्थित रहे।



डाउनलोड कीजिए एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें:licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | IRDAI Regn No.: 512
अधिक जानकारी के लिए अपने एजेंट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम SMS करें 56767474 पर.
हमें फौलो करें: LIC India Forever | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'
धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC / M1 / 2025-26 / I8 / Hin

NAME CHANGE

I Mathanakumari Gajendiran, wife of Army No.15161944Y, Hav (Gnr), S Gajendiran, Residing at Kallarapatti, Alangayam, Vaniyambadi, Vellore, TN, 635701 have change my name from Madhana Kumari to Mathanakumari Gajendiran vide affidavit no. CA 493241 dt 17/02/2026 at court campus Nasirabad

आम सूचना

मेरी माता हीरा पत्नि उगमा जाति भील निवासी ग्राम हरपुरा दादिया की मृत्यु दिनांक 6.6.2024 को मेरे निवास स्थान ग्राम हरपुरा दादिया में हो गई थी। जिसका पूर्व में इन्द्राज ग्राम पंचायत दादिया में नहीं करवाया था। अब मैं मेरी माता हीरा का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अरांई तहसील कार्यालय में आवेदन किया है। मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने बाबत जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो 7 दिन में मय दस्तावेज के साथ अरांई तहसीलदार के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी। - प्रार्थी- कल्ला पुत्र उगमा जाति भील निवासी ग्राम हरपुरा दादिया, तहसील अरांई, अजमेर

NAME CHANGE

I Tamu Bai Dangi, Mother of Army No.14656528X, Hav/Tech (sa), Babu Lal Dangi, Residing at Gadoli, Mavli, Udaipur, Raj. 313203 have change my name from Temu Bai to Tamu Bai Dangi vide affidavit no. CA 493233 dt 16/02/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I S Suseela Sampath, Mother of Army No.15161944Y, Hav (Gnr), S Gajendiran, Residing at Kallarapatti, Alangayam, Vaniyambadi, Vellore, TN, 635701 have change my name from Sushila to S Suseela Sampath vide affidavit no. CA 493242 dt 17/02/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Army No. 15783366M, THM(OFC), Basti Ram Residing at Vill & Po:- Raipur Jatan, Teh:- Buhana, Distt:- Jhunjhunu, Rajasthan, Pin:-333516 have change my Son's name from Divansu Sharam to Divansu Sharma vide affidavit no. CA 493246 dt 17/02/2026 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I Sampath Pachaiyappan, Father of Army No.15161944Y, Hav (Gnr), S Gajendiran, Residing at Kallarapatti, Alangayam, Vaniyambadi, Vellore, TN, 635701 have change my name from Sampath to Sampath Pachaiyappan vide affidavit no. CA 493240 dt 17/02/2026 at court campus Nasirabad

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर
मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामानतरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की पृथ्वीराज नगर योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 128 क्षेत्रफल 50.00 वर्ग गज के आवंटी/अन्तरिति श्री जफर मोहम्मद सुपुत्र स्व. श्री सुवा जी, जाति चीता, निवासी वार्ड नम्बर 59, बडी हताई के पास, ग्राम चौरसियावास तह० व जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 20/09/2025 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (अंपजीकृत दिनांक 05/04/2024) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री हरेन्द्र पुत्र श्री पुरखा राम, जाति जाट, निवासी ग्राम सोमणा, जिला नागौर हाल निवासी प्लाट संख्या 05, गणपति नगर, पुष्कर रोड, अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें। उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदक के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी। -योजना प्रभारी, अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, केकड़ी (अजमेर) राज.
Email ID – npkekri2011@gmail.com (O) : 01467-220002, 220019 web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : नपाके/विकास/2025-26/4408 दिनांक : 13.02.2026

-: ई निविदा सूचना (72/2025-26)(NIB NUMBER - DLB2526B0734) :-

एतद्द्वारा यह है कि राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में अधोलिखित 01 कार्य के लिए ई प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है। निविदा के कुल कार्य – 01 (एक) UBN NO.– 1. DLB2526SLOB34361

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका केकड़ी

राज.संवाद/सी/25/19979

कार्यालय नगर निगम, अजमेर

क्रमांक: न.नि.अ/भवन/25-26/702 आपत्ति सूचना दिनांक-17.02.26

श्रीमति मधु शेखावत पत्नी श्री सुरेन्द्र सिंह शेखावत निवासी बी-2 मधुवन कॉलोनी नाका मदार, अजमेर द्वारा एक सम्पत्ति ए.एम.सी. नं. 160/11 32/45 एवं 32/122 जो वार्के बाबू मौहल्ला (कवाड़ी मौहल्ला) केसरगंज अजमेर में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 237.15 व.मी. है में स्थित है भूमि के वर्तमान मास्टर प्लान 2033 के अनुसार व्यवसायिक मानचित्र स्वीकृति हेतु निर्धारित प्रपत्र में इस कार्यालय आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रस्तावित भू-भाग की सीमाएँ निम्नानुसार है-

पूर्व- फूल मालियान पंचायत समिति उत्तर - जैन की सम्पति
पश्चिम- गोपीचन्द चौहान की सम्पति दक्षिण - रास्ता

अतः जरिए इस सूचना के पूर्व सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति/संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में ठोस दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

-उपायुक्त, नगर निगम अजमेर

न्यायालय तहसीलदार (भू.अ.) किशनगढ़ जिला अजमेर

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक खातेदार चम्पा पत्नि नन्दा उर्फ जगन्नाथ जाति नट निवासी ग्राम कुचिल तहसील किशनगढ़ की ग्राम कुचिल में खसरा नम्बर 562 रकबा 1.9416 हैक्टै. हिस्सा पूर्ण भूमि स्थित है प्रार्थीया सुमित्रा देवी पत्नि स्व0 बजरंग जाति नट निवासी ग्राम शरेगढ़ तहसील सरवाड़ जिला अजमेर ने नोंटरी वसीयत दिनांक 06.12.1986 का नामान्तरकरण खोलने हेतु निवेदन किया। मृतक खातेदार चम्पा पत्नि नन्दा उर्फ जगन्नाथ जाति नट के वसीयत के नामान्तरकरण बाबत् प्रकरण राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135 (2) के अन्तर्गत प्रकरण संख्या 1/2026 दर्ज कर अद्योहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय मे विचाराधिन है। वसीयतग्रहिता बजरंग पुत्र रामा जाति नट की दिनांक 04.09.2019 को मृत्यु हो जाने से इसके वारिसान (आवेदक द्वारा बताये गये अनुसार) निम्नानुसार है।

बजरंग पुत्र रामा

प्रेम देवी (पत्नि) नाऔलाद फोत | सुमित्रा पत्नि | जनता पुत्री | रिंकू पुत्री | चुका पुत्री | भारत पुत्र | जगदीश पुत्र | खुशबु पुत्री | पुष्पा पुत्री | किस्मत पुत्री

उपरोक्त वारिसान अनुसार नामान्तरकरण खोले जाने के सम्बध में किसी व्यक्ति को कोई उजर/ऐतराज हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि मे न्यायालय तहसीलदार किशनगढ के यहा न्यायालय समय मे उपस्थित होकर अपना उजर/ऐतराज मय साक्ष्य/सबूत के प्रस्तुत करे। उक्त निर्धारित अवधि के पश्चात प्रस्तुत होने वाले उजर/ऐतराज स्वीकार नही किये जायेंगे तथा नामान्तरकरण की कार्यवाही निर्धारित अवधि के पश्चात कर दी जायेगी।

- तहसीलदार(भू.अ.) किशनगढ, अजमेर

नाम परिवर्तन

मेरे पुत्र प्रेरक भाटी की माता का नाम प्रेरणा सोलंकी है। भविष्य में इन्हें सभी उद्देश्यों के लिए प्रेरणा सोलंकी के नाम से ही जाना जाए। प्रेरणा सोलंकी पत्नि मोहित भाटी 792/45 दानमल माथुर कॉलोनी गुलाब बाडी अजमेर।

कार्यालय चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुचेरा नागौर

क्रमांक: 92 दिनांक: 17-02-2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस संस्थान द्वारा निलामी सूचना क्रमांक 70 दिनांक 09.02.2026 को जारी की गयी थी को अपरिहार्य कारणों से स्थगित की जाकर उसी अनुपयोगी/नकारा सामान पुस्तक मूल्य राशि- 198277/- जहां जैसी स्थिति में है की निलामी कार्यालय परिसर में दिनांक 28.02.2026 को दोपहर 3.00 बजे उपस्थित कमेटी के समक्ष की जायेगी। इच्छुक बोलीदाता निर्धारित तिथि व समय पर निलामी स्तर पर निर्धारित धरोहर राशि रू. 500/- जमा करवाकर निलामी की कार्यवाही में भाग ले सकते हैं। निलामी की शर्तें व जानकारी के कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

- प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सीएचसी कुचेरा

भारत सरकार
भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण
तीसरी मंजिल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली-110003
एयरपोर्ट इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया में जूनियर कंसल्टेंट (सांख्यिकी) (कुल तीन (03) पद) की भर्ती के लिए आवेदन का आमंत्रण

एयरपोर्ट्स इकोनॉमिक रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (AERA) जूनियर कंसल्टेंट (स्टैटिस्टिक्स) (कुल तीन (03) पोस्ट) के लिए योग्य उम्मीदवारों से टर्म्स ऑफ़ रेफरेंस (TOR) के अनुसार काम पर आने के लिए आवेदन मंगा रहा है। बताई गई वैकेंसी के अनुसार, ज़रूरी क्वालिफिकेशन और अनुभव वाले उम्मीदवारों को संबंधित कैटेगरी में काम पर रखा जाएगा। वैकेंसी बिना किसी पहले से सूचना दिए और बिना कोई कारण बताए बदली जा सकती है।
2. एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स ऑफ़ रेफरेंस (TOR) वगैरह की डिटेल्स AERA की वेबसाइट www.aera.gov.in पर पब्लिश वैकेंसी नोटिस में मौजूद हैं। एप्लीकेशन मिलने की आखिरी तारीख 10.03.2026 को शाम 5.30 बजे तक है। एप्लीकेशन वैकेंसी नोटिस में बताई गई डिटेल्स/मोड के हिसाब से जमा करनी होंगी। तय तारीख और समय के बाद मिली एप्लीकेशन पर विचार नहीं किया जाएगा।

डिप्टी चीफ
भारतीय विमानपत्तन आर्थिक नियामक प्राधिकरण
तृतीय तल, उड़ान भवन, सफदरजंग हवाई अड्डा, नई दिल्ली 110003
CBC 03112/12/0019/2526